# Community Health Nursing -II, 04

Q. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को परिभाषित कीजिए। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के तत्व या घटक क्या हैं?

Define primary health care. What are the elements of primary health care?

उत्तर- प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (Primary Health Care)

अल्मा आटा में आयोजित कान्फ्रेन्स में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया था-

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल है, जोकि सभी लोगों के लिए सुलभ एवं स्वीकार्य हो, जिसमें उनकी पूर्ण भागीदारी हो तथा जिसकी लागत इतनी हो जिसको समुदाय तथा देश वहन कर सके।

In the conference held at Alma Atta, primary health care was defined as follows:

Primary health care is essential health care that is accessible and acceptable to all people, in which they participate fully and at a cost that is affordable to the community and the country.

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के तत्व (Element of Primary Health Care) - प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं-

The following are the main components of primary health

care-

1. स्वास्थ्य शिक्षा (Health Education)

2. खाद्य आपूर्ति एवं उपयुक्त पोषण को प्रोत्साहन देना

(Promotion of food supply and proper nutrition)

3. सुरक्षित जल की पर्याप्त आपूर्ति एवं आधारभूत स्वच्छता

(Adequate supply of safe water and basic sanitation)

4. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार नियोजन

(Maternal and child health care including family planning)

5. मुख्य संक्रामक बीमारियों के विरुद्ध टीकाकरण

(Immunization against major infectious diseases)

6. स्थानिक बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण

(Prevention and control of endemic diseases)

7. सामान्य रोगों तथा चोटों का उपयुक्त उपचार

(Appropriate treatment of common disease and injuries)

8. अति आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता (Provision of essential drugs)

Q. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के सिद्धांतों को वर्णन कीजिए।

Explain principles of primary health care.

उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक विशेषज्ञ समिति ने 1984 में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की परिभाषा में पाँच सिद्धांत सम्मिलित किए-

1. न्यायसंगत वितरण (Equitable Distribution)

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का मुख्य उद्देश्य, स्वास्थ्य सुविधा प्रणाली को ग्रामीण क्षेत्रों तथा निर्धन वर्ग तक पहुँचाना है। प्रायः यह देखा जाता है कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही अधिकांश स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

इस सिद्धांत के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं एवं संसाधनों का बिना किसी रंग, जाति-लिंग, धर्म, क्षेत्र, पूँजी, इत्यादि भेदभाव के बिना समान वितरण होना चाहिए अर्थात् प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ सभी व्यक्तियों, परिवार तथा समुदाय के लिए स्वतंत्र एवं पक्षपात रहित तरीके से उपलब्ध रहनी चाहिए।

2. सामुदायिक सहभागिता (Community Participation)

सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ये अति आवश्यक है कि परिवार तथा समाज की सक्रिय भागीदारी हो।

सामुदायिक सहभागिता होने पर जनता और जागरूक होगी तथा स्वास्थ्य लाभ का अधिकाधिक उपयोग करेगी।

3. उपयुक्त तकनीक (Appropriate Technology)

उपयुक्त तकनीक अर्थात् ऐसी तकनीक जो वैज्ञानिक रूप से मजबूत हो, लोगों को स्वीकार्य हो, जिसकी लागत आम जनता द्वारा वहन कर सकने योग्य हो तथा लोगों की जरूरत को पूरी करने वाली हो का उपयोग करना चाहिए।

4. रोकथाम पर फोकस (Focus on Prevention)

प्राथमिक स्वास्थ्य का मुख्य फोकस उपचार की अपेक्षा रोग निवारण है, जिसका प्राथमिक देखभाल के सभी घटकों में समावेश है। स्वास्थ्य शिक्षा पर भी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में विशेष महत्व दिया गया है।

5. बहुआयामी समन्वयन (Multi-sectorial coordination)

प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा का बुनियादी सिद्धांत है कि स्वास्थ्य अकेले स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान देने से प्राप्त नहीं किया जा सकता है इसके लिए स्वास्थ्य संबंधित अन्य क्षेत्रों जैसे- कृषि, शिक्षा, सामाजिक कल्याण आदि के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है, साथ ही सभी क्षेत्रों के बीच समन्वयन स्थापित किया जाना चाहिए।

Answer- An expert committee of the World Health Organization included five principles in the definition of primary health care in 1984-

1. Equitable Distribution

The main objective of primary health care is to make the health facility system reach the rural areas and the poor class. It is often seen that most of the health services and schemes provided by the government are not availed.

According to this principle, there should be equal distribution of health facilities and resources without any discrimination on the basis of color, caste, sex, religion, region, capital, etc. i.e. primary health facilities should be available to all individuals, families and communities freely and without any bias.

2. Community Participation

To achieve the goals of community health care, it is very important that there is active participation of the family and society.

If there is community participation, the public will be more aware and will make maximum use of health benefits.

3. Appropriate Technology

Appropriate technology means such technology which is scientifically strong, acceptable to the people, whose cost can be afforded by the general public and which meets the

needs of the people should be used.

4. Focus on Prevention

The main focus of primary health is disease prevention rather than treatment, which is included in all the components of primary care. Health education has also been given special importance in primary health care.

5. Multi-sectorial coordination

The basic principle of primary health facility is that health cannot be achieved by focusing on the health sector alone. For this, joint efforts are required for other health related sectors such as agriculture, education, social welfare etc., as well as coordination should be established between all the sectors.

प्रश्न . प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्स की क्या भूमिका है?

What is the role of nurse in primary health care?

उत्तर- प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्स की भूमिका निम्न प्रकार होती है-

1. व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय के स्वास्थ्य स्तर का ऑकलन करना

व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय के स्वास्थ्य का ऑकलन करना नर्स का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। नर्स सर्वे और गृह मुलाकात द्वारा परिवार तथा समुदाय के लोगों के सम्पर्क में आती है तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों तथा आवश्यकताओं का पता लगाकर उन्हें नर्सिंग देखभाल प्रदान करती है।

2. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना

नर्स समुदाय के लोगों की देखभाल प्रदान करने से पूर्व किए जाने वाले ऑकलन तथा देखभाल के नियोजन, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन में अधिकाधिक रूप से सहभागी होने के लिए प्रेरित करती है।

3. अन्य विकास कार्यक्रमों से समन्वय रखना

स्वास्थ्य के बहुआयामी होने के कारण इसमें संबंधित अन्य क्षेत्र भी स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। अतः बेहतर स्वास्थ्य स्तर को प्राप्त करने के लिए नर्स को अन्य स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र, जैसे- कृषि, शिक्षा, आवास, संचार, उद्योग, समाज, जलापूर्ति, यातायात, आदि के समुचित विकास हेतु प्रयासरत रहना चाहिए तथा इनके बीच समन्वय स्थापित रखने का प्रयास करना चाहिए।

4. आपातकालीन तथा सामान्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना

नर्स समुदाय के लोगों को आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है व बीमारी गम्भीर होने पर वह मरीज की आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों के पास उचित उपचार के लिए रैफर करती है। वह सामान्य बीमारी होने पर देखभाल प्रदान करती है।

5. महामारी संबंधी निगरानी रखना

नर्स अपने क्षेत्र में फैली महामारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा तथा उपचार भी प्रदान करती है।

6. स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

नर्स स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रभावी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के योग्य बनाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए भी जिम्मेदार होती है ताकि वे अधिक दक्षता एवं कुशलता के साथ समुदाय को देखभाल प्रदान कर सकें।

7. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति पर नजर रखना

सामुदायिक नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति पर नजर रखती है तथा आवश्यकतानुसार इसके नियोजन एवं क्रियान्वयन में वांछित परिवर्तन कर इसे अधिक सफल तथा प्रभावी बनाने के लिए भी जिम्मेदार होती है।

The role of a nurse in primary health care is as follows-

1. Assessing the health level of the individual, family and community

Assessing the health of the individual, family and community is the most important task of a nurse. The nurse comes in contact with the family and community people through surveys and home visits and provides them nursing care after finding out their health related needs and requirements.

2. Encouraging people to increase their participation in primary health care

The nurse encourages the people of the community to participate more and more in the assessment done before providing care and in the planning, implementation and evaluation of care.

3. Coordinating with other development programs

Due to health being multidimensional, other related areas also affect health.

Therefore, to achieve a better health level, the nurse should strive for the proper development of other health related areas, such as agriculture, education, housing, communication, industry, society, water supply, transport, etc. and should try to maintain coordination between them.

4. Providing emergency and general medical facilities

The nurse provides health care to the people of the community in emergency situations and in case of serious illness, she refers the patient to specialists for proper treatment. She provides care in case of general illness.

5. Epidemic surveillance

The nurse also provides necessary health care and treatment to prevent the spread of epidemic in her area.

6. Training of health workers

The nurse is also responsible for giving necessary training to health workers to enable them to provide effective primary health care so that they can provide care to the community with more efficiency and skill.

7. Monitoring the progress of primary health care

The community nurse monitors the progress of primary health care and is also responsible for making it more successful and effective by making desired changes in its planning and implementation as needed.